कोटद्वार, मंगलवार
20 जनवरी 2026
वर्षः 48
अंकः 239 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### बसंत पंचमी को तय होगी बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि

चमोली : बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि परंपरा के अनुसार बसंत पंचमी शुक्रवार 23 जनवरी को नरेंद्र नगर स्थित टिहरी राज दरबार में तय होगी। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि कपाट खुलने की तिथि तय करने के लिए और आगामी चारधाम यात्रा के मद्देनजर बीकेटीसी ने तैयारियां शुरू कर दी है। कपाट खुलने की तिथियां तय होने के बाद यात्रा कार्ययोजनाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने जानकारी दी कि नरेंद्र नगर स्थित टिहरी राजमहल में 23 जनवरी सुबह साढ़े दस बजे से बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय करने के लिए धार्मिक समारोह शुरू हो जाएगा। (एजेंसी)

### हवलदार रविन्द्र सिंह शहीद हुए, रुद्रप्रयाग संगम पर होगा अंतिम संस्कार

रुद्रप्रयाग : अरुणाचल प्रदेश में मातृभूमि की सेवा करते हुए रुद्रप्रयाग के जवान हवलदार रविन्द्र सिंह (36) बलिदान हो गए। कल सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी जाएगी। आगर, दशज्यूला क्षेत्र के रहने वाले बलिदानी रविन्द्र 15 गढ़वाल राइफल्स में तैनात थे। अरुणाचल के अलोंग में ही भारत मां की सेवा करते हुए वे वीर गति को प्राप्त हुए। अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गए हैं। जवान का पार्थिव शरीर सोमवार रात रुद्रप्रयाग आर्मी कैंप लाया गया। जहां से कल 20 जनवरी को सुबह सात बजे सैन्य सम्मान के साथ पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके पैतृक गांव आगर, दशज्यूला ले जाया जाएगा, जिसके बाद रुद्रप्रयाग संगम पर सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की जाएगी। खबर के बाद से परिवारजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं क्षेत्रवासियों में शोक का माहौल है। ग्राम प्रधान आगर चन्द्रकला देवी ने बताया कि इस दुखद घटना से सम्पूर्ण क्षेत्र में मातम पसरा है। सामाजिक कार्यकर्ता पंकज सिंह ने बताया कि रविन्द्र सिंह वर्ष 2008 में 15 गढ़वाल में भर्ती हुए थे। रविन्द्र मुधर व्यवहार के साथ ही गांव के सभी लोगों के प्रिय थे। जिला पंचायत सदस्य सारी जयवर्धन कांडपाल ने गहरा दुःख व्यक्त किया। (एजेंसी)

### बाइक–स्कूटर की भिड़ंत में बैंक जा रहे व्यक्ति की मौत

देहरादून। कारगी चौक पर सोमवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटर सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक घर से बैंक के काम से निकले थे। तभी उनके स्कूटर की टक्कर एक तेज रफ्तार बाइक से हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। हादसा सोमवार सुबह करीब 11 बजे हुआ। इंस्पेक्टर पटेलनगर सीबीएस अधिकारी ने बताया कि टीएचडीसी देहराखास निवासी राजेश कक्कड़ (58 वर्ष) स्कूटर पर सवार होकर घर से बैंक जा रहे थे। जैसे ही वह कारगी चौक के पास पहुंचे एक बाइक ने उनके स्कूटर को टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटर और बाइक सवार दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस की मदद से दोनों घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने राजेश कक्कड़ को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### अश्लील हरकतें करने वाला युवक गिरफ्तार

देहरादून। डालनवाला क्षेत्र में रात के वक्त अकेली जा रही युवती का पीछा कर उसके साथ अश्लील हरकतें करने वाले आरोपी को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना का सीसीटीवी पुलिस को मिला था। जिसके आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे दबोच लिया गया। पकड़ा गया युवक ओल्ड डालनवाला का ही रहने वाला है। कोतवाली डालनवाला पुलिस को दी गई तहरीर में मूलरूप से हिमाचल प्रदेश निवासी पीड़िता ने बताया कि घटना 17 जनवरी की रात की है। वह ओल्ड डालनवाला, करनपुर में अपने हॉस्टल से गुजर रही थी। तभी एक अज्ञात युवक ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया।

## दिल्ली–एनसीआर में फिर कांपी धरती

# सोनीपत में महसूस किए गए भूकंप के झटके



चंडीगढ़/सोनीपत ,हरियाणा के सोनीपत और दिल्ली से सटे इलाकों में सोमवार सुबह भूकंप के झटकों ने लोगों को दहशत में डाल दिया। रिक्टर स्केल पर 2.8 की तीव्रता वाले इस भूकंप का केंद्र नॉर्थ दिल्ली में जमीन के महज 5 किलोमीटर नीचे दर्ज किया गया। सुबह 8:44 बजे महसूस हुई इस हलचल के कारण कई लोग घबराकर अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। 3 दिन में दूसरी बार हिली सोनीपत की जमीन सोनीपत जिले में भूकंप की यह लगातार दूसरी घटना है। इससे पहले बीते शुक्रवार, 16 जनवरी को भी गोहाना क्षेत्र में 3.5 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसका केंद्र भी जमीन के 5 किलोमीटर नीचे ही था। तीन दिन के भीतर दोबारा आए इन झटकों ने स्थानीय निवासियों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, राहत की बात यह है कि इन दोनों ही घटनाओं में जान–माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

**पिछले 8 महीनों का घटनाक्रम: बार–बार कांप रहा हरियाणा**

हरियाणा और दिल्ली–हृष्टक्र के इलाकों में भूकंप आने का सिलसिला पिछले साल से ही जारी है। अगर पिछले आठ महीनों पर नजर डालें, तो राज्य के अलग–अलग जिलों में धरती कई बार हिली है। इस सिलसिले की शुरुआत पिछले साल 27 जून 2025 को हुई थी, जब महेंद्रगढ़ में 2.8 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद जुलाई का महीना काफी सक्रिय रहा; 10 जुलाई 2025 को झज्जर केंद्र के साथ 4.4 तीव्रता का शक्तिशाली झटका महसूस किया गया, जिसका असर गुरुग्राम, रोहतक और हिसार तक रहा। अगले ही दिन 11 जुलाई को फिर झज्जर में 3.7 तीव्रता का भूकंप आया।

### नर्सिंग बेरोजगारों का सीएम आवास कूच रोका, हिरासत में लिए गए

देहरादून। वर्षवार की भर्ती की मांग पर सीएम आवास कूच कर रहे नर्सिंग बेरोजगारों को पुलिस ने हाथीबड़कला में रोक लिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नरेबाजी की। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया गया। उनकी स्वास्थ्य महानिदेशालय में अफसरों से वार्ता कराई गई।

अफसरों के सकारात्मक रवैये के बाद सामूहिक मुंडन कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए टाल दिया गया। सोमवार को नर्सिंग एकता मंच के अध्यक्ष नवल पुंडीर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास कूच करने निकले नर्सिंग बेरोजगारों को पुलिस ने हाथीबड़कला में बैरिकेडिंग लगाकर रोक लिया। इस दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया।

रोके जाने पर गुस्साए बेरोजगारों ने धरना दिया। उन्हें हिरासत में लेकर एकता विहार छोड़ दिया गया। प्रतिनिधिमंडल को स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से वार्ता के लिए ले जाया गया। उच्च अधिकारियों के साथ हुई सकारात्मक वार्ता के बाद बेरोजगारों ने अपना प्रस्तावित सामूहिक मुंडन कार्यक्रम स्थगित कर दिया है।

# ऑनलाइन प्रक्रिया से आसान हुआ विवाह पंजीकरण

### पहले विवाह पंजीकरण के लिए सब रजिस्ट्रार ऑफिस में उपस्थित होने की थी मजबूरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू हुए, आगामी 27 जनवरी को एक साल पूरा होने जा रहा है। महिला सशक्तिकरण, बाल अधिकारों की सुरक्षा और नागरिक अधिकारों में समता कायम करने के साथ ही यूसीसी का एक महत्वपूर्ण योगदान प्रक्रियाओं के सरलीकरण के रूप में रहा है।



यही कारण है कि यूसीसी लागू होने के एक साल से कम समय में 4,74,447 शादियों का पंजीकरण हो चुका है। अब पति/पत्नी कहीं से भी ऑनलाइन तरीके से विवाह पंजीकरण करवा रहे हैं। पहले उन्हें दो गवाहों के साथ तय तिथि पर सब रजिस्ट्रार कार्यालय में उपस्थित होना पड़ता था।

समान नागरिक संहिता लागू होने से पहले, 'उत्तराखंड विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2010' के तहत, विवाह पंजीकृत किए जाते थे। यह पूरी प्रक्रिया ऑफलाइन थी, इसलिए पति-पत्नी को दो गवाहों के साथ विवाह पंजीकरण के लिए सब रजिस्ट्रार कार्यालय में उपस्थित होना पड़ता था। लेकिन यूसीसी के लगभग शत प्रतिशत विवाह पंजीकरण ऑनलाइन माध्यम से हो रहे हैं। जिसमें दंपत्ति या गवाह कहीं से भी, अपने रिकॉर्ड और वीडियो बयान दर्ज करा, पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। यही कारण है कि यूसीसी लागू होने के बाद एक साल से कम समय में सोमवार, 19 जनवरी 2026 की दोपहर तक 4,74,447 विवाह पंजीकरण सम्पन्न हो चुके हैं। इस तरह प्रतिदिन औसत पंजीकरण की संख्या 1400 के करीब पहुंच रही है, जबकि पिछले अधिनियम में विवाह पंजीकरण का औसत प्रतिदिन 67 का आता था। यही नहीं इस दौरान, 316 लोगों ने ऑनलाइन माध्यम से ही विवाह विच्छेद करने और 68 ने लिवइन रिलेशनशिप में जाने जबकि 02 ने लिवइन रिलेशनशिप समाप्त करने का प्रमाणपत्र भी प्राप्त किया है।

**औसत पांच दिन में जारी हो रहा प्रमाण पत्र**

यूसीसी तहत यूं तो आवेदन के बाद विवाह पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 15 दिन की समय सीमा तय है, लेकिन आवेदन करने के बाद औसत पांच दिन के भीतर ही पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त हो रहा है। जबकि पुराने अधिनियम में एक तो आवेदकों को भौतिक तौर पर पंजीकरण कार्यालय में उपस्थित होना पड़ता था, उस पर विवाह पंजीकरण के लिए समय सीमा भी तय नहीं थी।

**यूसीसी से लोगों का बढ़ा विश्वास**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड ने समान नागरिक संहिता लागू करते हुए, अन्य राज्यों को दिशा दिखाई है। बीते एक साल में जितनी पारदर्शी और सरलता से यूसीसी के प्रावधानों को लागू किया गया है, उससे लोगों में पूरी प्रक्रिया के प्रति विश्वास बढ़ा है। यही कारण है कि अब बड़ी संख्या में लोग यूसीसी के तहत पंजीकरण करवा रहे है। उत्तराखंड समान नागरिक संहिता हर तरह से एक मॉडल कानून साबित हुआ है।

# भारत में खेलो या बाहर हो जाओ

## आईसीसी की बांग्लादेश को अंतिम चेतावनी!

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को साफ कह दिया है कि टीम भारत में ही खेलेगी, नहीं तो उसकी जगह दूसरी टीम को शामिल किया जाएगा। आईसीसी ने 21 जनवरी तक का समय दिया है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड अंतिम फैसला बताकर स्थिति स्पष्ट करे। यह जानकारी ईएसपीएन क्रिकइनफो की रिपोर्ट के जरिए सामने आई। इस मामले में अब पाकिस्तान भी कूद पड़ा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईसीसी के सामने बात न चलने पर अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से संपर्क कर मदद की गुहार लगाई है।



**इनकार हुआ तो रिप्लेसमेंट बनेगा स्कॉटलैंड**

आईसीसी के करीबी सूत्रों के मुताबिक, यदि बांग्लादेश अंतिम समय तक भारत जाने से इनकार करता है, तो उसकी जगह रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को शामिल किया जाएगा। आईसीसी फिलहाल बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अंतिम फैसले का इंतजार कर रहा है।

**पाकिस्तान का नया पैंतरा, बांग्लादेश को मिला कूटनीतिक साथ?**

इसी बांग्लादेश की टी20 वर्ल्ड कप में भारत में खेलने को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच अब पाकिस्तान भी इस मुद्दे पर सक्रिय हो गया है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश सरकार ने पाकिस्तान से संपर्क साधा है और इस विवाद में कूटनीतिक तथा क्रिकेटीय समर्थन मांगा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के अधिकारियों को बांग्लादेश की तरफ से टी20 वर्ल्ड कप में भागीदारी को लेकर समर्थन की गुजारिश मिली है। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान ने बांग्लादेश को सकारात्मक संकेत दिए हैं।

### डिप्रेशन में चल रहे युवक ने खुद को आग लगाकर जान दी

देहरादून। कैंट कोतवाली क्षेत्र के गल्जवाड़ी (घंघोड़ा) में रविवार रात 30 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त युवक घर पर अपनी मां और भाई के साथ मौजूद था। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इंस्पेक्टर कैंट केके लुंठी ने बताया कि मृतक की पहचान सिद्धांत ममगईं (30) के रूप में हुई है। घटना रविवार रात की है। सिद्धांत ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया और आग लगा ली। कमरे से धुआं उठता देख और अनहोनी की आशंका होने पर परिजनों ने किसी तरह दरवाजा तोड़ा। तब तक आग की लपटों में घिरने के कारण सिद्धांत की मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार सिद्धांत के पिता नहीं है। वह अपनी मां और भाई के साथ ही रहता था। अभी अविवाहित था। परिजनों से पूछताछ में यह बात सामने आई है कि वह पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन (मानसिक तनाव) में चल रहा था। इसी परेशानी के चलते उसने यह खौफनाक कदम उठाया।

# करूर भगदड़ मामला : सीबीआई दिल्ली में अभिनेता विजय से करेगी पूछताछ

चेन्नई , करूर भगदड़ मामले की जांच के सिलसिले में तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) के नेता विजय को सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के सामने फिर से पेश होने के लिए बुलाया गया है। सीबीआई ने पिछले साल 27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में विजय की राजनीतिक कैंपेन रैली के दौरान हुई दुखद भगदड़ की जांच तेज कर दी है। इस घटना में भारी भीड़ में फंसने से 41 लोगों की जान चली गई थी, जिससे पूरे देश में सदमे की लहर दौड़ गई थी और भीड़ प्रबंधन और प्रशासनिक तैयारियों पर गंभीर सवाल उठे थे।

इस जांच की निगरानी सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज अजय रस्तोगी की अध्यक्षता वाली एक सुपरवाइजरी कमेटी कर रही है। इससे पहले बीते हफ्ते भी 12 जनवरी को अभिनेता से सीबीआई ने लगातार 6 घंटे तक पूछताछ की थी। अब दोबारा पूछताछ के लिए अभिनेता को 19 जनवरी को बुलाया गया है।



इस निगरानी के तहत, सीबीआई ने अपनी जांच तेज कर दी है, जिसमें जिम्मेदारी, प्लानिंग में नाकामियों और उस घटनाक्रम पर ध्यान दिया जा रहा है जिसकी वजह से यह जानलेवा हादसा हुआ। जांच के हिस्से के तौर पर, सीबीआई ने पिछले महीने टीवीके के वरिष्ठ सीनियर पदाधिकारियों से पूछताछ की थी, जिनमें पार्टी के महासचिव बुस्सी आनंद, इलेक्शन मैनेजमेंट डिवीजन के जनरल सेक्रेटरी आधव अर्जुन, जॉइंट जनरल सेक्रेटरी निर्मल कुमार और करूर ज़िला सेक्रेटरी मथियाजगन शामिल हैं।

एजेंसी ने उनके बयान रिकॉर्ड किए ताकि यह पता चल सके कि इवेंट किसने ऑर्गनाइज़ किया था, तैयारियां कैसे की गईं और क्या सुरक्षा के ज़रूरी इंतज़ाम किए गए थे।

विजय से पूछताछ मामला 27 सितंबर, 2025 को करूर में आयोजित एक राजनीतिक अभियान से संबंधित है, जब विजय टीवीके पार्टी के लिए प्रचार कर रहे थे। इस घटना में अभिनेता तय समय से देरी से पहुंचे थे, जिसकी वजह से सभा स्थल पर भीड़ बढ़ने की वजह से भगदड़ मच गई थी।

इस भगदड़ में 41 लोगों की जान चली गई और दर्जनों लोग घायल हुए थे। अभिनेता ने घटना पर दुख जताते हुए मृतक के परिवारों को 20 लाख रुपये की सहायता राशि भी दी थी और कुछ परिवारों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात भी की थी।

# बीजापुर में बड़ा नक्सल विरोधी ऑपरेशन: 6 माओवादी ढेर

### 27 लाख के इनामी डीवीसीएम दिलीप बेड़जा का अंत

बीजापुर ,। बीजापुर जिले के उत्तर–पश्चिम क्षेत्र में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। थाना भोपालपटनम और थाना फरसेगढ़ के सरहदी जंगल–पहाड़ी क्षेत्र में स्थित नेशनल पार्क एरिया में हुई मुठभेड़ में 4 महिला माओवादियों सहित कुल 6 माओवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ स्थल से स्वचालित हथियार, विस्फोटक और बड़ी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद की गई है।



पुलिस के अनुसार, नेशनल पार्क एरिया कमेटी के इंचार्ज और 8 लाख रुपये के इनामी दिलीप बेड़जा समेत अन्य सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर छ्रक्र बीजापुर, छ्रक्र दंतेवाड़ा, स्र्ञस्न, छ्शक्क्र की बटालियनें की संयुक्त टीम 17 जनवरी 2026 को सर्च ऑपरेशन पर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान 17 जनवरी की सुबह से लेकर 18 जनवरी की शाम तक रुक–रुक कर फायरिंग होती रही। मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन में दिलीप बेड़जा सहित माड़वी कोसा, पालो पोड़ियम, लक्खी मड़कम, क्करू जुगलो बंजाम और क्करू राधा मेट्टा के शव बरामद किए गए। मारे गए माओवादियों पर कुल 27 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

मुठभेड़ स्थल से 2 र्च–47, 1 2 .303 राइफल, 1 कार्बाइन, बीजीएल लॉन्चर, गोला–बारूद, विस्फोटक सामग्री, वायरलेस सेट, माओवादी साहित्य और अन्य सामान जब्त किया गया है।

पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि दिलीप बेड़जा के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में 135 आपराधिक मामले दर्ज थे और वह कई बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहा है। बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पट्टिलिंगम ने कहा कि लगातार आसूचना–आधारित अभियानों और स्थानीय सहयोग से बस्तर क्षेत्र में माओवादी प्रभाव तेजी से सिमटा है। उन्होंने शेष बचे नक्सली कैडरों से आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने की अपील की है।

अभियान के दौरान कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में दो जवान वन्य जीवों के हमले में घायल हुए, जिन्हें सुरक्षित रूप से इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया है। दोनों की हालत स्थिर बताई गई है।

पुलिस के मुताबिक, जनवरी 2024 से अब तक जिले में कुल 229 माओवादी मारे जा चुके हैं, 1126 गिरफ्तार हुए हैं और 876 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में वापसी की है।

### जंगल में अचेत मिला नवजात हाथी

हरिद्वार( ।हरिद्वार में उस समय हड़कंप मच गया, जब जंगल में गश्त पर निकली वन विभाग की टीम को नवजात हाथी अचेत अवस्था में मिला। जन्म के कुछ ही घंटे बाद मां से बिछुड़े इस शिशु को समय रहते रेस्क्यू किया गया। श्यामपुर रेंज के खारा क्षेत्र में गश्त कर रहे वनकर्मियों को दिन के समय जंगल में नवजात हाथी दिखाई दिया। पहली नजर में वह मृत प्रतीत हुआ। शरीर ठंडा था और कीचड़ से सना हुआ था। पास ही गिरी जेर से स्पष्ट हो गया कि शिशु का जन्म कुछ घंटे पहले ही हुआ था। करीब से देखने पर वनकर्मियों को कुछ हलचल दिखाई दी। शिशु सांस ले रहा था और आंखें खोलने का प्रयास कर रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरिष्ठ अफसरों को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम पशु चिकित्सकों के साथ पहुंची। दिनभर शिशु की जान बचाने के प्रयास किए गए। उसकी आंखों से कीचड़ साफ किया और ठंड से बचाने के लिए विशेष इंतज़ाम किए। पूरे दिन जंगल में डेरा डालकर हाथी की मां के लौटने का इंतजार किया गया, लेकिन शाम होते–होते तापमान और गिरने लगा। ऐसे में पीसीसीएफ की अनुमति के बाद नवजात हाथी को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू कर राजाजी टाइगर रिजर्व की चीला रेंज स्थित एलिफेंट रेस्क्यू सेंटर में शिफ्ट किया गया।

# महापंचायत में हुआ फैसला, 2026 में ही होगी नंदा की बड़ी राजजात

चमोली : मां नंदा धाम कुरुड़ को पर्यटन मानचित्र पर उच्च स्थान देने सहित नंदाजात 2026 को लेकर विवाद के बीच नंदा नगर ब्लॉक सभागार में 484 गांव की महापंचायत हुई। महापंचायत में निर्णय लिया गया कि नंदा की बड़ी जात इसी वर्ष होगी। मां नंदा देवी सिद्धपीठ मंदिर कुरुड़ आयोजन समिति का हुआ गठन। कर्नल (सेनि) हरेंद्र सिंह रावत को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। निर्णय लिया गया कि आगामी 23 जनवरी वसंत पंचमी पर बड़ी जात का मुहूर्त निकाला जाएगा और जात भव्य रूप से संचालित की जाएगी। बता दें कि रविवार को नंदा राजजात 2026 को श्रीनंदा राजजात समिति नौटी स्थगित करने का फैसला ले चुकी है, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया था, जिसके बाद आज महापंचायत हुई थी। इस साल मलमास होने के कारण यात्रा सितंबर माह के अंत में समाप्त होने, यात्रा समाप्ति पर बुग्यालों में बर्फ होने, राजजात के पड़ावों पर ढांचागत सुविधा के कार्य नहीं होने और प्रशासन के पुनर्विचार पत्र पर समिति ने इसका फैसला लिया। अब वसंत पंचमी को राजजात किस वर्ष होगी इसका कार्यक्रम जारी किया जाएगा। कांसुवा-नौटी से होमकुंड और वापस नौटी तक होने वाली सचल महाकुंभ श्रीनंदा देवी राजजात का इंतजार बढ़ गया है।



# भारत–यूएई रिश्तों को नई रफ्तार: पीएम मोदी–शेख नाहयान के बीच बैठक

नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार को भारत के आधिकारिक दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। जहां पीएम मोदी ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद पीएम मोदी ने अपने निवास लोक कल्याण मार्ग पर अल नाहयान के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (टङ्कव२) पर हस्ताक्षर किए गए और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई की उस पहल की सराहना की, जिसमें राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर के लिए ऐतिहासिक कलाकृतियां लोटल में प्रदान की जाएंगी।



दोनों देशों ने ध्रुवीय विज्ञान, संयुक्त अभियान और संस्थागत सहयोग जैसे क्षेत्रों में भी मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

**पीएम मोदी ने शेख मोहम्मद को किया धन्यवाद**

विक्रम मिस्री ने आगे कहा कि यूएई में लगभग 45 लाख भारतीय मूल के लोग रहते और काम करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शेख मोहम्मद का इन भारतीय नागरिकों की भलाई और हितों की देखभाल के लिए धन्यवाद किया। इसके अलावा, दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि बढ़ाने के प्रयासों का समर्थन किया।

### दिल्ली–पंतनगर की इंडिगो की पहली उड़ान 26 तक रद

रुद्रपुर। राजधानी दिल्ली में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनज़र हवाई सुरक्षा कारणों से नो फ्लाई ज़ोन घोषित किया गया है। इसके चलते दिल्लीझ्पंतनगर हवाई मार्ग पर उड़ानों के संचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है। इंडिगो एयरलाइंस की दिल्ली से पंतनगर आने वाली पहली उड़ान को 26 जनवरी तक के लिए निरस्त कर दिया गया है, जबकि दूसरी उड़ान का संचालन पूर्व निर्धारित समय के अनुसार जारी रहेगा। पहली उड़ान संख्या 6ई–73254 प्रतिदिन दोपहर 12 बजे दिल्ली से रवाना होकर एक बजे पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचती थी। नो–फ्लाई ज़ोन लागू होने के कारण इसे अस्थायी रूप से रद किया गया है। वहीं दूसरी उड़ान संख्या 6ई–7156 दिल्ली से दोपहर तीन बजे उड़ान भरकर शाम चार बजे पंतनगर पहुंचेगी। एयरलाइन की ओर से प्रभावित यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानों में समायोजन अथवा टिकट राशि वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में एयरपोर्ट निदेशक पवन कुमार ने बताया कि दिल्ली में नो–फ्लाई ज़ोन घोषित होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से पहली उड़ान 26 जनवरी तक निरस्त की गई है।

# अपर्णा यादव को तलाक देंगे अखिलेश के भाई प्रतीक यादव

लखनऊ , समाजवादी के सुप्रीमो अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव अपनी पत्नी अपर्णा यादव से तलाक लेने जा रहे हैं. बता दें कि मुलायम परिवार की बहू अपर्णा यादव बीजेपी महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं और हाल के दिनों में समाजवादी पार्टी की खुली आलोचकों में से एक रही हैं. प्रतीक यादव ने एक इंस्टा पोस्ट शेयर करते हुए अपर्णा को परिवार तोड़ने वाला बताया है. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, "मैं इस मतलबी औरत को जल्द से जल्द तलाक देने जा रहा हूं. इसने मेरे परिवार के रिश्ते खराब कर दिए. वह बस मशहूर और असरदार बनना चाहती है. अभी, मेरी मेंटल हेल्थ बहुत खराब है और उसे कोई फर्क नहीं पड़ता. क्योंकि उसे सिर्फ़ अपनी ही चिंता है. मैंने इतनी बुरी औरत कभी नहीं देखी और मैं बदकिस्मत था कि मेरी शादी उससे हुई. मुलायम सिंह की बहू अपर्णा



यादव समाजवादी पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गई थी और अब वह बीजेपी राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं. हाल ही में हुआ महाराष्ट्र क्क्रूष्ट चुनाव में भी वह बीजेपी अलायंस को जीताने के लिए प्रचार में थी. अपर्णा यादव समाजवादी पार्टी की आलोचना करती आई हैं, जिसके चलते सपा विरोधी यह आरोप लगाते आए हैं कि अखिलेश यादव से परिवार ही खिलाफ है. इस खबर को दूसरे तरिके से लिखे।

## एक नजर

### मेधावी बच्चों को दी छात्रवृत्ति

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : श्री भैरवनाथ जी शैक्षिक एवं सांस्कृतिक ट्रस्ट की ओर से अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज कण्वघाटी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मेधावी 47 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई।

आयोजित कार्यक्रम में ट्रस्ट ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। ट्रस्ट के पदाधिकारी बीएस रावत ने बताया कि इससे पूर्व ट्रस्ट ने राजकीय इंटर कालेज मटियाली व कीर्तिखाल के विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति दी है। अब तक पौड़ी गढ़वाल के 37 सरकारी स्कूल के 1082 छात्रों को पांच लाख 73 धनराशि उपलब्ध करवाई गई। इस मौके पर भगवंत सिंह रावत, सत्येंद्र सिंह नेगी, केपी जखमोला आदि मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर कल होगी बैठक

जयन्त प्रतिनिधि। रुद्रप्रयाग : गणतंत्र दिवस की तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में मंगलवार (20 जनवरी) को जिला कार्यालय सभागार कक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन की तैयारियों को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श व चर्चा की जा सके। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। बताया कि गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभागार में अपराह्न 1:30 बजे से बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों से निर्धारित समय से बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है।

### जल्द की जाए डीएलएड प्रशिक्षितों की नियुक्ति

चमोली : डीएलएड प्रशिक्षितों ने विज्ञप्ति जारी कर जल्द से जल्द विद्यालयों में नियुक्ति दिलाने की मांग की है। कहा कि काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियुक्ति में विलंब से उनके हित प्रभावित हो सकते हैं। डीएलएड प्रशिक्षितों का कहना है कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया 12 जनवरी को पूरी हो चुकी है। अब वे नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं लेकिन कुछ आवेदक इस नियुक्ति प्रक्रिया को कानूनी दाव पेच में उलझाना चाहते हैं, इससे सभी प्रशिक्षित चिंतित हैं। यदि मामला अदालत में जाता है तो काफी समय से नियुक्ति का इंतजार कर रहे युवाओं के साथ अन्याय होगा। डीएलएड प्रशिक्षित मंदीप बर्त्वाल, आरती, प्रदीप सिंह आदि ने शिक्षा मंत्री व शिक्षा विभाग से अनुरोध किया है कि प्राथमिक शिक्षक के पदों पर जल्द से जल्द नियुक्ति दिलायी जाए। (एजेंसी)

### शंकराचार्य के साथ हुई घटना की तीर्थ पुरोहितों ने की निंदा

चमोली : बदरीनाथ धाम के ब्रह्मकपाल तीर्थ पुरोहित पंचायत समिति ने प्रयागराज में ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के साथ हुए अशोभनीय व्यवहार की कड़ी निंदा की है। समिति ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई है। ब्रह्मकपाल तीर्थ पुरोहित महापंचायत के केंद्रीय अध्यक्ष उमेश सती ने कहा कि प्रयागराज में माघ मेले के दौरान मौनी अमावस्या पर ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज व साधु संतों के साथ स्थानीय पुलिस और यूपी सरकार के उच्चाधिकारियों ने बहुत ही अशोभनीय व्यवहार किया। तीर्थ पुरोहित पंचायत समिति इसकी घोर भर्त्सना करती है। सनातन धर्म के उच्च पदस्थ धर्माचार्य के साथ इस तरह की घटना निंदनीय है। (एजेंसी)

### भालू ने गाय को मारा, दहशत में लोग

चमोली : क्षेत्र में भालू की दहशत कम होने का नाम नहीं ले रही है। कुछ दिनों से भालू की गतिविधि कुछ कम हुई थी लेकिन अब फिर क्षेत्र में भालू सक्रिय हो गया है। बीती रात भालू ने एक गौशाला में घुसकर गाय को मार डाला। इससे क्षेत्र में फिर से दहशत फैल गयी है। विकासखंड पोखरी के ग्राम भिकोना के खाल गांव में घर से कुछ दूरी पर जगदीश प्रसाद खाली की गौशाला में सोमवार सुबह उनकी पत्नी मवेशियों को चारा देने गई तो छत टूटी हुई थी। अंदर देखा तो दरवाजे के पास गाय मरी हुई थी, भालू ने गाय का पेट फाड़ हुआ था। उन्होंने तुरंत घटना की सूचना परिजनों को दी। विधायक प्रतिनिधि धीरेंद्र राणा ने वन विभाग को फोन कर घटना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भालू की सक्रियता से लोगों में दहशत है।

# सर्द मौसम में बढ़ रहे दिल व दिमाग के मरीज

## बेस अस्पताल में प्रतिदिन बढ़ रहे हार्ट व ब्रेन स्ट्रोक के मरीज



कोटद्वार के राजकीय बेस चिकित्सालय में ओपीडी की पर्ची बनवाने के लिए लगी लाइन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सर्द मौसम दिल व दिमाग पर भारी पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से बेस अस्पताल में हार्ट व ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। यही नहीं अस्थमा के मरीजों के लिए यह मौसम जानलेवा साबित हो सकता है। लगातार बढ़ रही ठंड में चिकित्सक मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में पिछले दस दिन से ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। शहर में कोहरे के साथ ही शीतलहर आमजन की परेशानी बढ़ा रही है। ऐसे में लगातार बढ़ रही ठंड दिल व दिमाग पर भारी पड़ रही है। पिछले एक सप्ताह से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार के साथ ही निजी अस्पतालों में हृदय रोग के साथ ही अस्थमा पीड़ितों की संख्या बढ़ने लगी है। साथ ही ब्रेन स्ट्रोक के मामले भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में चिकित्सक ठंड के मौसम में सावधानियां बरतने की सलाह दे रहे हैं। यह मौसम सबसे अधिक घातक दिल व दिमाग के मरीजों के लिए है।

### सिकुड़ जाती हैं धमनियां

ठंड बढ़ने के कारण रक्त गाढ़ा हो जाता है, जिसका सीधा असर धमनियों में रक्त प्रवाह पर पड़ता है। ऐसे में ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। जिससे ब्रेन स्ट्रोक का खतरा पैदा हो जाता है। चिकित्सकों ने बताया कि ठंड के इस मौसम में सुबह की गश्त सेहत पर भारी पड़ सकती है। बताया कि तीस वर्ष की आयु से अधिक के सभी लोगों को ठंड से बचना चाहिए।

### इन बातों का रखे ध्यान

1. घर से बाहर निकलते हुए पर्याप्त कपड़े पहन कर ही निकलें।
2. संतुलित, पोषक और ताजा भोजन खाएं। नमक का सेवन कम करें।
3. अस्थमा के मरीजों के लिए कोहरा घातक साबित होता है। अस्थमा के मरीजों को कोहरा में घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए।
4. हृदय रोगी नियमित दवा लेते रहें।
5. रक्तचाप के रोगियों को भी लगातार दवा लेती रहती चाहिए।
6. ठंडी चीजों का सेवन करने से बचें।

# बरेली से स्मैक लेकर कोटद्वार में बेचने की फिराख्त कर रहे युवक गिरफ्तार



कोतवाली पुलिस हिरासत में स्मैक के साथ पकड़े गए युवक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तर प्रदेश के बरेली से स्मैक खरीदकर उसे कोटद्वार के युवाओं को महंगे दामों में बेचने की फिराख्त में घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, बरामद स्मैक की कीमत 2.15 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

सोमवार सुबह पुलिस कौड़िया के समीप गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्हें दो युवक संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने बताया कि जब युवकों की तलाशी ली तो उनकी जेब से स्मैक बरामद हो गई। आरोपितों की पहचान बलभद्रपुर नयागांव निवासी सचिन रावत व पदमपुर नेगी चौक निवासी आयुष रतूड़ी के रूप में हुई। बताया कि सचिन से 3.83 ग्राम व आयुष से 3.36 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बरामद कुल 7.19 ग्राम स्मैक की कीमत 2.15 लाख रुपये है। पूछताछ में युवकों ने बताया कि वह बरेली से स्मैक लेकर उसे कोटद्वार के युवाओं को महंगे दामों में बेचना चाहते थे।

# ग्रामीणों ने अधिकारियों को गिनवाई समस्याएं

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : प्रखंड द्वारीखाल के न्याय पंचायत कांडाखाल में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों की तरफ से 55 शिकायतें दर्ज करवाई गई, जिसमें अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारित करवा दिया। शिविर में 203 पात्र लाभार्थियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया।

जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत कालागढ़ टाइगर रिजर्व लैंसडौन की एसडीओ अनामिका सिंह की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने विभिन्न विभागों को लेकर 55 शिकायतें दर्ज करवाई गई। जिनमें अधिकांश शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टाल भी लगवाए, शिविर में 203 पात्र लोगों को प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन उपकरण, पशुपालन योजनाओं का लाभ दिया गया।

शिविर में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बाल विकास, वन, राजस्व, आयुर्वेदिक एवं यूनानी, पशुपालन, कृषि, उद्यान सहित कुल 23 विभागों ने अपने स्टाल लगाए। इस अवसर पर राज्य मंत्री ऋषि कंडवाल, ब्लाक प्रमुख बीना राणा, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र राणा, खंड विकास अधिकारी जयकृत बिष्ट सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

# डा. तृप्ति दीक्षित को मिला सम्मान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यरत गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डा. तृप्ति दीक्षित को सोसाइटी फार मेथेमेटिकल एंड कंप्यूटेशनल रिसर्च बोर्ड ने आउट स्टैंडिंग वूमेन साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें अवध विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में दिया गया। डा. तृप्ति दीक्षित को सम्मानित किए जाने पर विद्यालय के प्राचार्य डा. डीएस नेगी सहित विद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने खुशी जताई। इस मौके पर डा. वसंतिका कश्यप, डा. आशा, डा. प्रीति रानी, डा. संतोष कुमार गुप्ता, डा. अजय रावत, डा. पवन भट्ट, डा. ऐश्वार्या राणा, डा. अंशिका बंसल, प्रो. संत कुमार, डा. कपिल थपलियाल, अरविंद दुदपुड़ी मौजूद रहे।

# टिहरी व रूद्रप्रयाग के 1159 युवाओं ने भर्ती रैली में किया प्रतिभाग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोटद्वार में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में युवाओं का उत्साह देखने को मिल रहा है। सोमवार को भती मैदान में रूद्रप्रयाग व टिहरी जनपद के युवाओं ने अपना दम दिखाया। दौड़ पूरी करने वाले युवाओं की आगे की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। जबकि, दौड़ पूरी न करने वालों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इस दौरान भर्ती में आने वाले युवाओं के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व अन्य संगठनों की ओर से खाने व रहने की व्यवस्था बनाई गई है। कोटद्वार के विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह कैंप स्थित बलवीर स्टेडियम में भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गढ़वाल के सात जिलों के करीब 13 हजार से अधिक युवा प्रतिभाग कर रहे हैं। सोमवार तड़के ही भर्ती मैदान में युवाओं की भीड़ जुटनी प्रारंभ हो गई थी। दस्तावेजों की जांच के बाद प्रतिभागियों को अलग-अलग समूहों में विभाजित कर दौड़ व अन्य शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए भेजा गया। मैदान में निर्धारित समय पर दौड़ पूरी न करने वाले युवाओं को बाहर कर दिया गया। जबकि, दौड़ में सफल रहे युवाओं की अन्य शारीरिक दक्षता परीक्षा शुरु हुई। भर्ती में आने वाले युवाओं को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से कैंप लगाए गए। जिसमें युवाओं के रहने व खाने के लिए निःशुल्क व्यवस्था बनाई गई।



कोटद्वार में विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह कैंप स्थित स्टेडियम में भर्ती रैली में भाग लेते युवा

# हादसों को रोकने के लिए वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस व रोटरी क्लब की ओर से शहर में अभियान चलाया गया। इस दौरान कोहरे में सड़क हादसों को रोकने के लिए वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। साथ ही वाहन चालकों को यातायात के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है।

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत रोटरी क्लब व पुलिस ने कौड़िया चैक पोस्ट के समीप वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। कहा कि नियमों की अनदेखी के कारण ही सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। जरा सी लापरवाही कई जिंदगियों पर भारी पड़ जाती है। इसलिए वाहन चलाते समय नियमों का सख्ती से पालन करें। बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहन न चलाएं। साथ ही अपनी स्पीड पर भी कंट्रोल रखे। नशे की हालत में वाहन न चलाएं। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों को भी यातायात नियमों के बारे में बताया गया। कहा कि बिना हेलमेट वाहन न चलाएं। लोगों से अपने बच्चों को भी यातायात के प्रति जागरूक करने की अपील की गई। कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शहर में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, टीम ने कौड़िया चैक पोस्ट से शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों पर रेफ्लेक्टर टेप भी लगाई। कहा कि कोहरे के कारण सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।



कोटद्वार के कौड़ियाचैक पोस्ट में लोगों को जागरूक करती पुलिस व अन्य

# अधोईवाला देहरादून ने रूड़की को हराया

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : विकासखंड मुख्यालय कोट में सातवीं राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के तहत सोमवार को तीसरे दिन राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में अधोईवाला देहरादून ने रूड़की को हराया। प्रतियोगिता के तहत सोमवार को खेले गए राज्यस्तरीय मुकाबले में अधोईवाला देहरादून ने रुड़की की टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया। निर्धारित समय तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर रहे, जिसके बाद पेनाल्टी शूटआउट से मैच का निर्णय हुआ। वहीं, अंडर-14 वर्ग के मैच में सेमली ने कठूड़ की टीम को 2-0 से हराया। इसके बाद 40 आयु वर्ग से अधिक के मैच में कठूड़ की टीम ने कोट को 2-0 से हरा दिया। क्षेत्र पंचायत स्तरीय मैच में कोट ने सिरोली को 2-0 से पराजित किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान बकरोडा, पुरूषोत्तम बलोदी, भगवान सिंह, क्षेपं सदस्य अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# बारिश और बर्फबारी न होने से फसलें प्रभावित

चमोली : जिले में लंबे समय से बारिश और बर्फबारी न होने से रबी की फसलें बुरी तरह प्रभावित हो गई हैं। नवंबर माह के बाद से क्षेत्र में न तो बारिश हुई है और न ही पर्याप्त बर्फबारी, जिससे गेहूं और सरसों की फसल को 20 से 25 प्रतिशत तक नुकसान पहुंच चुका है। काश्तकार अब बसंत पंचमी पर बारिश की आस लगाए बैठे हैं। यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो मसूर और जौ की फसल पर भी गंभीर असर पड़ सकता है और सूखे जैसे हालात बन सकते हैं। ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी जरूर हुई, लेकिन वह नाकाफी रही। हिमालय की चोटियां सूखी पड़ी हैं और इसका सीधा असर खेती पर पड़ रहा है। गेहूं की बढ़वार रुक गई है, जबकि सरसों समय से पहले पीली पड़ने लगी है। नंदानगर के सैंती गांव के काश्तकार मथुरा प्रसाद त्रिपाठी, लांखी के मोहन सिंह दानू, बंगाली के दिनेश सिंह नेगी और भेंटी के सूरी कठैत ने बताया कि बारिश नहीं होने से फसलें चौपट होने की कगार पर हैं। उनका कहना है कि आमतौर पर बसंत पंचमी पर बारिश होती है और इस बार भी सभी उसी की उम्मीद लगाए हैं। मुख्य कृषि अधिकारी चमोली जेपी तिवारी के अनुसार, बारिश न होने से जिले में गेहूं और सरसों की फसल 20 से 25 प्रतिशत तक प्रभावित हो चुकी है। यदि दो–चार दिन में बारिश नहीं हुई तो जौ और मसूर पर भी विपरीत असर पड़ेगा।

**पर्यटन गतिविधियां ठप**

जिले में शीतकालीन पर्यटन से बड़ी संख्या में लोगों का रोजगार जुड़ा हुआ है। औली, नीती घाटी, उर्गम घाटी के अलावा अन्य जगह पर लोग पर्यटन कारोबार से जुड़े हुए हैं। अक्सर सर्दियों में बर्फबारी होने के बाद पर्यटक इस क्षेत्र का रुख करते हैं लेकिन इस साल अभी तक बर्फ नहीं पड़ी है।

# वेतन नहीं मिलने से नाराज डॉक्टर ने नहीं किया काम, मरीज रहे परेशान

चमोली : स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सोमवार को मरीजों पर भारी पड़ गई, जब राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवाल में तैनात डॉक्टर ने चार माह से वेतन न मिलने के विरोध में मरीजों का इलाज करने से इंकार कर दिया। इससे अस्पताल पहुंचे करीब 20 मरीजों को या तो बिना जांच के लौटना पड़ा या फिर मेडिकल स्टोरों से दवा खरीदनी पड़ी। सोमवार को अस्पताल में तैनात प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राबिन ड्यूटी पर तो पहुंचे, लेकिन उन्होंने मरीजों को देखने से मना कर दिया। बमणबेरा निवासी धर्मानंद ने बताया कि वे अपने 80 वर्षीय पिता गोवर्धन कुनियाल को लेकर अस्पताल लाए थे, लेकिन डॉक्टर ने मरीज को देखने से इंकार कर दिया। अस्पताल में मौजूद अन्य मरीजों ने भी इलाज की गुहार लगाई, लेकिन कोई परीक्षण नहीं किया गया। डॉ. राबिन ने मरीजों को बताया कि उन्हें पिछले चार माह से वेतन नहीं मिला है जिससे वे आर्थिक और मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। इसी कारण उन्होंने कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि वेतन न मिलने की जानकारी कई बार विभागीय अधिकारियों को दी गई। शनिवार को ई-मेल के माध्यम से जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सोमवार से कार्य बहिष्कार की सूचना भी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद वेतन का भुगतान नहीं हुआ।

# ज्यातिर्मठ में यूपी सरकार का पुतला फूंका

चमोली : प्रयागराज में ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के साथ हुई घटना पर ज्योतिर्मठ के लोगों ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। सोमवार को स्थानीय लोगों ने उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला जलाया। कहा कि इस तरह की घटना को किसी भी तरह से स्वीकार नहीं किया जाएगा। मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में स्नान करने जा रहे शंकराचार्य के रथ को रोक पुलिस ने उन्हें पैदल जाने को कहा। वहीं, अविमुक्तेश्वरानंद स्नान किए बिना ही लौट आए। इसके विरोध में सोमवार को ज्योतिर्मठ के नटराज चौक पर स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला जलाया। उन्होंने प्रयाग राज में हुई घटना को सनातन धर्म, संत समाज और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर हमला बताया। साथ ही कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की चुप्पी और निष्क्रियता इस गंभीर घटना को संरक्षण देने जैसा है। इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# 11 गांव मूवमेंट की मुहिम, गांव-गांव को बना रहे स्वच्छ

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : गांव-गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए 11 गांव मूवमेंट की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। चालीस दिन तक चलने वाले इस अभियान के तहत गांव-गांव पहुंचकर रास्तों व अन्य स्थानों पर फैले कूड़े को एकत्रित कर उसका निस्तारण किया जा रहा है। इस दौरान सदस्यों ने ग्रामीणों को भी स्वच्छ भारत निर्माण में सहयोग देने की अपील की।

मेवमेंट के संस्थापक आकाश सुंद्रियाल के नेतृत्व में टीम ने जयहरीखाल, सकमुंडा, सुरमणी, मंझीना व लिंगवाड़ा क्षेत्र के दर्जनों गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के तहत गांव में सार्वजनिक रास्तों, प्राकृतिक स्त्रोत व अन्य स्थानों पर फैली गंदगी को एकत्रित किया गया। साथ ही गांव के हर घर में पहुंचकर ग्रामीणों को सफाई के प्रति जागरूक किया गया। सदस्यों ने ग्रामीणों को प्लास्टिक का उपयोग न करने की भी सीख दी। कहा कि प्लास्टिक कूड़ा पर्यावरण के लिए सबसे अधिक घातक होता है। इसलिए सामान के लिए भी हमें पालीथिन के बजाय कपड़े से निर्मित थैले का उपयोग करन चाहिए। सदस्यों ने बताया कि कूड़े को एकत्रित कर ब्लाक वाहन के माध्यम से निस्ताकरण के लिए भेजा जा रहा है। बताया कि अभियान 14 फरवरी तक चलेगा। बताया कि अब तक 383 किलो कचरा एकत्रित कर उसका निस्तारण किया जा चुका है।



जयहरीखाल क्षेत्र में अभियान के दौरान एकत्रित किया गए कूड़े के साथ मूवमेंट के सदस्य

# जिला प्रशासन एवं नगर पंचायत अगस्त्यमुनि द्वारा निर्मित गौधाम का हुआ विधिवत लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि। रुद्रप्रयाग :** सोमवार को जिला प्रशासन रुद्रप्रयाग एवं नगर पंचायत अगस्त्यमुनि द्वारा निर्मित गौधाम (गौ सेवा भवन) का विधिवत लोकार्पण नगर पंचायत अध्यक्ष अगस्त्यमुनि राजेन्द्र प्रसाद गोस्वामी एवं जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग प्रतीक जैन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह आयोजन क्षेत्र में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण एवं सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी प्रतीक जैन सहित उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करने के साथ किया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा विधि विधान से पूजा-अर्चना कर गऊ सेवा भवन का औपचारिक लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर गौ पूजन कर गौ माता को भोग भी अर्पित किया गया। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि जिला प्रशासन, नगर पंचायत, व्यापार मंडल एवं आम नागरिकों के संयुक्त प्रयासों से ही इस गौशाला का निर्माण संभव हो पाया है। कहा कि यह अगस्त्यमुनि क्षेत्र की पहली गौशाला है, जो हम सभी के लिए गर्व और हर्ष का विषय है। जिलाधिकारी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में प्राकृतिक चारे की कमी के कारण निराश्रित गोवंशों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में इस गौशाला के निर्माण से नगर क्षेत्र के निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध हो सका है। उन्होंने जानकारी दी कि अगस्तमुनि नगर क्षेत्र में ही एक अन्य गौशाला हेतु भूमि का चयन की प्रक्रिया गतिमान है, जिसका निर्माण जिला खनन निधि से प्रस्तावित है। वर्तमान गौशाला की क्षमता 53 गोवंशों की है, जबकि तिलवाड़ा सुमाडी क्षेत्र में भी गौशाला निर्माण के प्रस्ताव हैं, जिससे भविष्य में लगभग 190 गोवंशों के संरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशों की सेवा जनसहयोग से ही संभव है और आम नागरिक अपनी सामर्थ्य के अनुसार भोजन व अन्य सामग्री का सहयोग कर गौ सेवा में सहभागी बन सकते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गोस्वामी ने अपने संबोधन में जिलाधिकारी सहित समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, व्यापार मंडल एवं आम नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर सहयोग से ही इस गौ सेवा भवन का निर्माण संभव हो पाया है। कहा कि गौ माता की सेवा एवं संरक्षण के उद्देश्य से यह गौधाम निर्मित किया गया है।

उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने घर से रोटी व अन्य भोजन सामग्री लाकर गौ माता को अर्पित कर सकते हैं।

# पर्यटन सचिव के आश्वासन पर स्थगित किया आंदोलन

चमोली : औली की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए स्थानीय लोगों का धरना, पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल की सहमति के बाद सोमवार को स्थगित हो गया है। पर्यटन सचिव ने उन्हें आश्वासन दिया कि सभी बिंदुओं पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। औली की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए बीते पांच दिनों स्थानीय लोग धरना दे रहे थे। उनकी मुख्य मांगों में औली में कृत्रिम बर्फ बनाने की मशीन को चालू करने या बदलने, आइस रिंक मी मरम्मत, लमर्ग विकास प्राधिकरण की तर्ज पर प्राधिकरण की स्थापना करने, उपकरणों के निरीक्षण के लिए समिति का गठन करने, मशीन संचालन के लिए जीएमवीएन, पर्यटन विभाग और संबंधित एसोसिएशन के नामित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया जाने, रोपवे का संचालन शुरू करने, साहसिक उपकरणों व अन्य उपकरणों की वस्तुस्थिति की जांच के लिए ऑडिट कराए जाने की मांग शामिल थी। सोमवार को बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला ने पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल से आंदोलनकारियों की फोन पर वार्ता कराई। पर्यटन सचिव ने मांगों पर सहमति जताते हुए कहा कि सभी मामलों में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। आंदोलनकारी विवेक पंवार ने बताया कि पर्यटन सचिव के आश्वासन पर सभी ने आपसी सहमति के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया है। (एजेंसी)


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सारूख लम्बे समय से मुझसे अलग है और मेरे साथ अभद्र व्यवहार कर मानसिक उत्पीड़न करता आ रहा है। सारूख के अमानवीय एवं असहनीय आचरण को देखते हुए मैं अपने पुत्र को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं, जो सम्पत्ति मेरी स्वंय अर्जित है। सारूख से अब मेरा कोई भी सम्बन्ध नहीं रहा है, न ही इसने आज तक मुझे कुछ दिया है। सारूख के किसी भी लेन-देन आदि की मेरी कोई भी जिम्मेदारी नहीं है तथा जो कोई भी सारूख से लेन-देन करेगा उसकी जिम्मेदारी स्वयं उसकी ही होगी।

**गुलाम नवी पुत्र स्व. अब्दुल अजीज निवासी कोटद्वार गांव, ग्रास्टनगंज, वार्ड नंबर-1, पोस्ट कुम्भीचौड़, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1566/21)

## संक्षिप्त समाचार

### जांच के लिए भेजे मेडिकल स्टोरों से लिए गए चार सैंपल

नई टिहरी। औषधि नियंत्रण विभाग और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सोमवार को चंबा बाजार में मेडिकल स्टोरों पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्राधिकरण के सचिव डॉ. आलोक राम त्रिपाठी, वरिष्ठ औषधि निरीक्षक सीपी नेगी और औषधि निरीक्षक ऋषभ धामा ने मेडिकल स्टोरों की जांच की। टीम ने चार मेडिकल स्टोरों से चार अलग–अलग दवाओं के सैंपल भरकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे। जांच के दौरान एक मेडिकल स्टोर में अनियमितताएं पाई गईं। संबंधित स्टोर में दवाओं की बिक्री और खरीद से संबंधित कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं था। मांगने पर स्टोर संचालक बिल–बाउचर भी प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके अलावा मेडिकल स्टोर के समीप कमरे में बेड लगे मिले। टीम ने उक्त मेडिकल स्टोर में तत्काल प्रभाव से दवाओं की बिक्री और क्रय पर रोक लगा दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ. आलोक राम त्रिपाठी ने व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। औषधि निरीक्षक ऋषभ धामा ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### टिनशेड वासियों के धरने को महिला कांग्रेस ने दिया समर्थन

नई टिहरी। केमसारी में टिनशेड आवास का स्थायी आवंटन करने की मांग को लेकर कॉलोनीवासियों का धरना छठवें दिन भी जारी रहा। धरनास्थल पर पहुंची महिला कांग्रेस कमेटी ने उनकी मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार 22–23 सालों में टिहरी बांध प्रभावितों की समस्याएं हल नहीं कर पाई है जिससे उन्हें टिनशेड के एक–एक कमरे में कई परेशानियों का सामना करते हुए रहना पड़ रहा है। धरने पर बैठे टिनशेड कॉलोनी वासियों ने कहा कि 22–23 साल पहले आवंटित टिनशेड की छत जर्जर हो गई है। स्थायी आवंटन नहीं होने के कारण वह मरम्मत और नवनिर्माण नहीं कर पा रहे हैं जिससे माता–पिता सहित एक–दो भाइयों के परिवार एक कमरे में परदा लगाकर रहने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि जब तक केमसारी और पिपली टिनशेड का स्वामित्व देने की मांग पूरी नहीं होती है तब तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। धरना देने वालों में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशा रावत, सीमा कृषाली, ममता उनियाल, लक्ष्मी रावत, एकता शक्ति संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र खत्री, श्वेता राणा, ललिता, मीना देवी, ममता, लखू देवी, सरोजनी, दीपा देवी मौजूद थे।

### शहीद विनोद सिंह भंडारी के नाम हो लामरीधार–चौंड जसपुर मार्ग

नई टिहरी। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में लोगों की खूब भीड़ उमड़ी। सीडीओ वरुणा अग्रवाल ने अधिकतर शिकायतों का निस्तारण कर अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनता मिलन कार्यक्रम में पहुंची चौंड–जसपुर की प्रधान पुष्पा ने लामरीधार–अंजनीसैंण मोटर मार्ग से क्षतिग्रस्त पेयजल स्रोत और पेयजल लाइनों की मरम्मत करने की मांग की। मंदार के जिला पंचायत सदस्य विजयपाल सिंह रावत ने स्यूरी गांव में पेयजल की किल्लत के चलते बरसाती जल संरक्षण टैंक निर्माण करने और जीर्णशीर्ण हुए राजकीय प्राथमिक स्कूल मंदार को निष्प्रयोज्य घोषित कर नया भवन बनाने की मांग की। सीडीओ ने सभी अधिकारियों को शिकायत करने वालों के साथ वार्ता कर समाधान कर अवगत कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम एके सिंह, सीएमओ डॉ. श्याम विजय और प्रभारी अधिकारी पुनर्वास स्नेहिल कुंवर सिंह आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया

उत्तरकाशी। यमुनाघाटी कांग्रेस की बैठक में संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना था कि शीर्ष नेतृत्व जिसे टिकट देगा कार्यकर्ता उसके साथ खड़ा रहेगा। शीर्ष नेतृत्व से कांग्रेस मूल के व्यक्ति को ही टिकट देने की मांग की गई।

बूथ समिति को मजबूत करने के लिए युवाओं को बड़ी संख्या में संगठन से जोड़ने की पैरवी की गई। सोमवार को हुई यमुनाघाटी कांग्रेस की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की नीतियों और कार्यशैली से प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति असहज है। प्रदेश की जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सत्ता को उखाड़ने का मन बना चुकी है। कांग्रेस जनता के सहयोग से इस बार सत्ता में जरूर आएगी।

# जिले के पीएम श्री स्कूलों के मेधावी छात्र राजस्थान शैक्षिक एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना

### 7 पीएम श्री विद्यालयों के 28 विद्यार्थियों का पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**



रुद्रप्रयाग : जनपद से केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री श्री योजना के अंतर्गत चयनित पीएम श्री विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राएं राजस्थान के लिए पांच दिवसीय शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट पर सफलता पूर्वक रवाना हो गए हैं। यह पहल सरकारी विद्यालयों के शैक्षणिक स्तर को सुदृढ़ करने तथा विद्यार्थियों को व्यवहारिक एवं अनुभवात्मक शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस शैक्षणिक भ्रमण में जनपद के 7 पीएम श्री विद्यालयों से प्रत्येक विद्यालय के 4-4 मेधावी विद्यार्थी, कुल 28 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हैं। विद्यार्थियों को मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत एवं नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर विधिवत रूप से रवाना किया गया। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं अनुशासन सुनिश्चित करने हेतु 4 अनुरक्षक (एस्कॉर्ट) दल के साथ भेजे गए हैं। यह शैक्षणिक दल मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय से प्रातः 9 बजे रवाना हुआ। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं राजस्थान के जयपुर एवं उदयपुर जैसे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नगरों का भ्रमण करेंगे। इस दौरान विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहरों, आधुनिक शैक्षणिक संस्थानों तथा नवीन शिक्षण पद्धतियों को निकट से समझने का अवसर प्राप्त होगा। यह एक्सपोजर विजिट विद्यार्थियों के ज्ञान, दृष्टिकोण, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी। यह कार्यक्रम इस बात का सशक्त उदाहरण है कि आज सरकारी विद्यालय भी गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक एवं अनुभव आधारित शिक्षा की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं। निश्चित रूप से यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा उन्हें भविष्य के लिए बेहतर शैक्षणिक एवं जीवन कौशल प्रदान करेगा।

### जिला बदला पर रिकॉर्ड नहीं, 10 विभागों के चक्कर में पिस रहे सौंदी के लोग

नई टिहरी। प्रतापनगर ब्लॉक से उत्तरकाशी जिले में शामिल सौंदी गांव के लोगों की परेशानियां अभी कम नहीं हो पाई है। ग्रामीणों को शिक्षा विभाग, बाल विकास, खाद्यान्न, सिंचाई विभाग, पीएमजीएसवाई, वन विभाग, सहकारिता, बैंक, लोनिवि और पेयजल संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए नई टिहरी के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। गांव के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य जयपाल सिंह चौहान और पूर्व प्रधान आंनद सिंह पंवार ने बताया कि टिहरी जिला मुख्यालय की दूरी अधिक होने के कारण टिहरी जिले का हिस्सा रहा सौंदी गांव 30 नवंबर 2023 को उत्तरकाशी जिले के डुंडा ब्लॉक में धौंतरी उप तहसील के गाजणा पट्टी में शामिल हो गया था लेकिन अभी तक कई विभागों का रिकॉर्ड संबंधित तहसील को हस्तांतरित नहीं हो पाया है। इससे उन्हें संबंधित विभाग की समस्याओं के निराकरण के लिए नई टिहरी की लंबी दौड़ लगानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि 10 से अधिक विभागों का रिकॉर्ड उत्तरकाशी जिले के धौंतरी उप तहसील नहीं पहुंचने के कारण सौंदी के ग्रामीणों को आधार कार्ड और जन्म प्रमाणपत्र आदि बनाने में कई दिक्कतें हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन देकर सौंदी गांव के सभी 10 विभागों में उपलब्ध रिकॉर्ड शीघ्र ही धौंतरी उप तहसील और संबंधित विभागों को भेजने की मांग की है।

# पीएमश्री स्कूल के मेधावी छात्र–छात्राएं शैक्षिक भ्रमण पर जाएंगे हैदराबाद

नई टिहरी। पीएमश्री माध्यमिक स्कूलों के मेधावी छात्र–छात्राओं को हैदराबाद का शैक्षिक भ्रमण कराया जाएगा। भ्रमण के लिए बीते शिक्षा सत्र में कक्षा आठ और हाईस्कूल की परीक्षा में स्कूल में टॉपर रहे छात्र–छात्रओं को शामिल किया गया है। सात दिवसीय शैक्षिक टूर जनवरी के अंतिम सप्ताह में रवाना किया जाएगा।भ्रमण के लिए जिले में संचालित 15 पीएमश्री माध्यमिक स्कूलों के 37 छात्र और 34 छात्राओं को शामिल किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर छात्रों को सात दिवसीय हैदराबाद का टूर कराया जाएगा। जहां उन्हें देश के प्रतिष्ठित संस्थान इसरो, चारमिनार, फिल्मसिटी, गोलकोंडा किला और म्यूजियम आदि प्रमुख स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा। छात्रों के साथ मार्ग दर्शक के रूप में दो अध्यापक, दो अध्यापिकाएं और एक नोडल अधिकारी जाएंगे। छात्रों के आवागमन, आवास और भोजन व्यवस्था के लिए टूर एवं ट्रेवल्स फर्मों से निविदा आमंत्रित की गई है। प्रत्येक छात्र–छात्रा को अपने अभिभावक का अनुमति पत्र लाना जरूरी होगा।

छात्र–छात्राओं में पढ़ाई के साथ वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से शैक्षिक भ्रमण कराया जा रहा है। जिले संचालित सभी 15 पीएमश्री माध्यमिक स्कूलों से मेधावी छात्र–छात्राओं को शामिल किया गया है। इसके लिए सभी को सूचित कर दिया गया है। जनवरी के अंतिम सप्ताह में सात दिवसीय टूर पर रवाना किया जाएगा।

**– वीपी सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी नई टिहरी।**

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से अभद्रता करने वालों पर हो कार्रवाई

उत्तरकाशी। प्रयागराज में मौन अमावस्या के दिन स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुई घटना ना गंगोत्री और यमुनोत्री धाम मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने निंदा की है।

उन्होंने मांग की है कि सनातनी परंपरा के प्रसिद्ध व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कार्रवाई करनी चाहिए। इससे सनातनी परंपरा से जुड़े लोगों की निष्ठा को ठेस पहुंची है। बीते रविवार को मौनी अमावस्या के मौके पर प्रयागराज में गंगा स्नान के लिए जा रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को घाट पर पैदल जाने के लिए कहा गया था। उसके बाद उन्होंने रथ से जाने की बात कही लेकिन जब अधिकारी और पुलिस ने उन्हें नहीं जाने दिया। उसके बाद नाराज होकर वे लौट गए। घटना पर गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर समिति से जुड़े लोगों ने नाराजगी व्यक्त कर कार्रवाई की मांग की है। गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल, यमुनोत्री मंदिर समिति के प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सनातन धर्म के ध्वज वाहक हैं। एक ओर तो सनातनी परंपरा को बढ़ावा देने की बात कही जा रही है। दूसरी ओर देश में सनातनी परंपरा को बढ़ावा देने वालों में अहम योगदान देने वाले संत के साथ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के अधिकारियों का इस प्रकार बरताव क्षमा योग्य नहीं है। इसलिए सीएम योगी को इस प्रकार के अधिकारियों पर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।

### सांस्कृतिक–खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता किए सम्मानित

नई टिहरी। चाका छीली में आयोजित सात दिवसीय कोटेश्वर पर्यटन एंव विकास मेले का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। अंतिम दिन गायक मंगलेश डंगवाल और उनकी टीम ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सोमवार को मेले के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा, वन मंत्री सुबोध उनियाल ने खेल, सांस्कृतिक प्रतियोगिता, स्टॉल और आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वालों को सम्मानित किया। वन मंत्री उनियाल ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए वह प्रतिबद्ध है। उन्होंने पूर्व सीएम स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं किया। पशुपालन मंत्री बहुगुणा ने कहा संस्कृति के जीवंत रखने में मेला सबसे अहम हैं। इससे पहले लोक गायक मंगलेश डंगवाल के मेरी सुभागा, सिल्की बांद, लबरा छोरी, माया बांद, मेरी छौंदाडी, रमछोल माया, हे गैल्याणी की दिलकश प्रस्तुति दी। उन्होंने मेला स्थल पर दर्शकों को नाचने पर मजबूर किया। इस मौके पर नरेंद्रनगर ब्लॉक प्रमुख दीक्षा राणा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी, जिला पंचायत सदस्य जोत सिंह असवाल, ताजवीर खाती, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश रावत नगर पंचायत गजा अध्यक्ष कुंवर सिंह चौहान, पूर्व अध्यक्ष मीना खाती, गिरीश बंठवाण मौजूद रहे।

# मुख्य सचिव ने किया 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम में प्रतिभाग



देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को ननूरखेड़ा स्थित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय पहुंचकर 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम के तहत् प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि हर बच्चा खास होता है। उसमें कोई न कोई विशेषता अवश्य होती है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी प्रतिभा पहचानने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं परिजनों से भी अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों की प्रतिभा को पहचानते हुए आगे बढ़ाने का प्रयास करें।

उद्योगपतियों, वैज्ञानिकों, प्रोफेसर आदि के साथ लगातार करायी जाए बातचीतः मुख्य सचिव ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि वे 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए इसमें उद्योगपतियों, वैज्ञानिकों, प्रोफेसर और विभिन्न क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण कार्य कर रहे व्यक्तियों से बातचीत कराते हुए बच्चों का मार्गदर्शन करने का अवसर दें। उन्होंने शिक्षा की बात कार्यक्रम को अन्य सभी विद्यालयों में भी शुरू किए जाने की बात कही। कहा कि क्लस्टर विद्यालयों से इसकी शुरूआत करते हुए सभी क्लस्टर विद्यालयों को इससे जोड़ा जाए।

मोबाईल और तकनीक पर हम कंट्रोल करें, न कि मोबाईल और तकनीक हम परः बच्चों से चर्चा के दौरान मुख्य सचिव ने महत्त्वपूर्ण सीख देते हुए कहा कि आज मोबाईल और तकनीक का युग है, मगर मोबाईल और तकनीक पर हमारा कंट्रोल हो, न कि वो हमें कंट्रोल करें। उन्होंने कहा कि किताबें, खेल और रचनात्मक सोच आपको मजबूत बनाते हैं। हमें इन सभी पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

मेहनत और अनुशासन हमें बेहतर बनाते हैंः मुख्य सचिव ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्ट–कट नहीं है। इसके लिए एक लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करनी होती है। मेहनत और अनुशासन हमें बेहतर बनाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अच्छा मनुष्य, अच्छा नागरिक बनकर देश और समाज के प्रति जिम्मेदारियां निभानी है। इसके लिए सभी शिक्षकों और अभिभावकों को भी अपने बच्चों को देश का जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी निभानी होगी।

# डीएम ने पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया

ऋषिकेश। रेनबुकई कराटे एकेडमी गीतानगर में प्रशिक्षण ले रहे कराटे के छात्र–छात्राओं को बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा पास होने पर प्रमाणपत्र वितरित किये गए। यह खिलाड़ी आगामी एक फरवरी को रायवाला में आयोजित होने जा रही राज्यस्तरीय कराटे चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। रेनबुकई कराटे एकेडमी के संस्थापक अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी एवं कोच कमल सिंह बिष्ट ने बताया कि 21 दिसम्बर को आयोजित हुई बैल्ट ग्रेटिंग परीक्षा में पास खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा अध्यक्ष डॉ राजे नेगी एवं योगाचार्य अनूप पुरोहित एवं समाजसेवी संजीव चौधरी ने बैल्ट एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. राजे नेगी ने कहा कि आज के समय में जब बच्चे अपना अधिकतर समय स्क्रीन (मोबाइल टीवी या लैपटॉप) के सामने बिता रहे हैं ऐसे में कराटे का प्रशिक्षण उनके अंदर आत्मविश्वास, एकाग्रता एवं उनके चरित्र निर्माण को आगे बढ़ाने में सहायता पहुंचाता है। पदक जीतने वालों में अर्णव, शिवांश नेगी, शिवांगी, रुद्रांश, एंजेल, अथर्व, अवनी, आयुष बिष्ट, अनन्या बिष्ट, शिवांश, अभिनव शाही, अंवित गौड़, आदित्य, वरदान, रिद्धि, अनिरुद्ध, सूर्यांश, अनुष्का, अविरल, आदित्य गुप्ता,आरव पयाल, डेलिशा, अथर्व, गौतम,रागी, विमृत, वेदांश, प्रतिष्ठा, पार्थेश, दक्ष, पारुल, जेनिशा, शाश्वत,सृष्टि नेगी, जैसी सिंह, वैदेही, दक्ष, प्रताप, कार्तिक पांडे, अनन्य पांडे, अक्षय भट्ट, जतिन सिंह, ईशानी थपलियाल, आर्यन बग्याल, रवि रियाल, आरोही सजवान, आर्यन, वरुण,अस्तित्व त्रिपाठी, विदुषी, दिया, सौम्या, आशी आदि शामिल रहे। उधर,नगर पालिका मुनिकीरेती सभागार में जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नीतिका खंडेलवाल ने कराटे की बेल्ट परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों को डिप्लोमा प्रमाणपत्र बांटे। उन्होंने बच्चों को खेल के साथ–साथ प्रकृति एवं पर्यावरण के लिये भी अपना योगदान करते हुए स्वच्छता अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक विश्वनाथ राजपूत ने बताया कि येलो बेल्ट पाने वाले विद्यार्थियों में रुद्रांश, मिलिंद, नितिन, चेतन्य, तेजस, अरुण, लक्ष्मी, अक्ष, निहारिका, अक्षिता, तुष्टि, स्वर्णिम, अस्तित्व, केशव, शिवांश भोल्या, मानस्वी, साहिल, कार्तिक, नैतिक, आशुतोष, श्रेष्ठ, आयुषी, आरव, तथा ऑरेंज बेल्ट पाने वालों में शिवांश डंगवाल, जूनियर ग्रीन बेल्ट में वीर, अंशिका और वेदांश जोशी, सीनियर ग्रीन बेल्ट पाने वालों में आराध्या मंडारी तथा जूनियर ब्राउन बेल्ट में विभूति और कीर्तिका नेगी रहे। 12वीं ऑल इंडिया कराटे प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों में आराध्या त्यागी, आराध्या मंडारी, नैतिक, विभूति ने स्वर्ण पदक, अक्षत पडियार, वेदिका पडियार, ज्योति, इशिका ने कांस्य पदक जीते। बेस्ट फाइटर 2025 का खिताब कीर्तिका नेगी को दिया गया।

### डायट में दो दिवसीय जेंडर संवेदीकरण कार्यशाला शुरू

नई टिहरी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में छात्र–छात्राओं के बीच समानता के व्यवहार को बढ़ावा के उद्देश्य से प्रधानाध्यापक और प्रधानाचार्यों की दो दिवसीय जेंडर संवेदीकरण कार्यशाला शुरू हो गई। दो चरणों में 100 प्रधानाध्यापक और प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। डायट के प्राचार्य सुमेर सिंह कैंतुरा ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य जेंडर संवेदीकरण है। उन्होंने सभी संस्थाध्यक्षों से अभिभावकों के साथ समानता को लेकर विस्तृत चर्चा करने को कहा। कार्यशाला समन्वयक राजेंद्र प्रसाद बडोनी और सीमा शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालयों में समानता, समावेशन एवं संवेदनशील वातावरण विकसित करना है। विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और प्रधानाचार्यों को कार्यशाला में विद्यालय एवं कार्यस्थल पर जेंडर और जेंडर समाजीकरण की प्रक्रिया को जनाना और समझना है। कार्यशाला में शिक्षण पद्धतियां, मूलभूत संरचनाएं व सुविधाएं शिक्षा के जरिए बराबरी की सोच बनाना शामिल है। इस मौके पर डॉ वीर सिंह रावत, दीपक रतूड़ी, नरेश चंद कुमाई, विनोद पेटवाल, दीवान सिंह नेगी,जय प्रकाश डबराल आदि मौजूद थे।

# पुलिस चेकिंग में दो तस्कर गिरफ्तार, 6.44 लाख की स्मैक बरामद



अल्मोड़ा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा के निर्देश पर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 21.49 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 6.44 लाख रुपये बताई गई है। अपर पुलिस अधीक्षक हरबन्स सिंह और पुलिस उपाधीक्षक गोपाल दत्त जोशी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा योगेश चन्द्र उपाध्याय तथा प्रभारी निरीक्षक एसओजी भुवन चन्द्र जोशी के नेतृत्व में रविवार रात लोधिया के पास चेकिंग के दौरान दो युवकों को रोका गया। तलाशी में उनके पास से अवैध स्मैक बरामद होने पर दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में कोतवाली अल्मोड़ा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक मेहता उर्फ झनका (27) पुत्र मोहन सिंह, निवासी गंगोला मोहल्ला बांस गली अल्मोड़ा और हर्षित भण्डारी उर्फ हन्नी (28) पुत्र नीरज भण्डारी, निवासी थपलिया बद्रेश्वर वार्ड अल्मोड़ा के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दीपक मेहता उर्फ झनका के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत पूर्व में भी एक मामला दर्ज है।

# सुरक्षा दीवार निर्माण के बाद मलबा नहीं हटाने पर पार्षद आक्रोशित



अल्मोड़ा। पांडेखोला क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की लापरवाही को लेकर पार्षदों में नाराजगी बढ़ गई है। आरोप है कि विभाग ने करीब दो माह पहले सड़क पर सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया था, लेकिन निर्माण के बाद निकला मलबा मौके पर ही छोड़ दिया गया। इससे मलबा पैदल मार्ग की ओर गिरने लगा और एक बड़ा पैराफिट लुढ़कते हुए मंदिर परिसर तक पहुंच गया। स्थानीय पार्षदों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों को दी गई, लेकिन न तो मलबा हटाया गया और न ही मंदिर परिसर में पड़े पैराफिट को अब तक हटाया जा सका। पार्षदों ने यह भी बताया कि उक्त स्थान पर हाईवे की नालियां बंद पड़ी हैं, जिससे गंदा पानी सड़क पर बह रहा है और सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। पार्षद अमित साह मोनू ने कहा कि मुख्यमंत्री और केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा लगातार विकास कार्यों में तेजी लाने की बात कर रहे हैं और इसके लिए विभागों को धन भी आवंटित किया जा रहा है, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते जनता को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द मलबा हटाकर नालियों की सफाई नहीं कराई गई तो वे इस मामले को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत करेंगे। इस दौरान पार्षद अमित साह मोनू के साथ पार्षद अर्जुन बिष्ट चीमा, पार्षद ज्योति साह, अनिल पंत, अतुल पांडे, पीयूष पांडे, दिशांक वर्मा, अनुज साह, अनिल बिष्ट, रमेश भोज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शिविर में स्वयं सेवियों को योग और ध्यान का दिया प्रशिक्षण

नई टिहरी। कैच्छू में आयोजित राजकीय महाविद्यालय कमांद के सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर योग, प्राणायाम और ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक देवेश चंद्र ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है।

समाजशास्त्र विभाग की डॉ. शेफाली शुक्ला ने मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि भागदौड़ भरी जीवनशैली में अधिकांश लोग तनाव और अवसाद से जूझ रहे हैं।

# कुंभ की भीड़ के लिए स्टेशनों पर इंतजाम नाकाफी

ऋषिकेश। कुंभ में श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए ऋषिकेश और आसपास के स्टेशन पर मुरादाबाद मंडल की डीआरएम विनीता श्रीवास्तव ने फिलहाल नाकाफी बताया है। उन्होंने इसके लिए मंडल स्तर पर चर्चा के बाद रेल मुख्यालय को अवगत कराने के साथ ही यहां के ठहरने के लिए पर्याप्त इंतजाम कुंभ से पहले कराने की बात कही है। योगनगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर तैनात कर्मचारियों के नई आवासीय कॉलोनी के निर्माण को भी प्रस्तावित करने के निर्देश अधीनस्थल अधिकारियों को दिए हैं। सोमवार को मंडल की नवनियुक्त डीआरएम विनीता श्रीवास्तव योगनगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर पहुंची। इससे पहले वह रायवाला स्टेशन पर भी आईं, लेकिन यहां वह प्लेटफार्म न उतर सीधे योगनगरी स्टेशन का जायजा लेने के लिए निकल पड़ीं। यहां निरीक्षण करते हुए उन्होंने बताया कि हरीवाला, रायवाला और योगनगरी स्टेशन के निरीक्षण में यही पाया है कि कुंभ की भीड़ को देखते हुए स्टेशनों के आवागमन और ठहराव स्थलों पर पर्याप्त जगह नहीं है। इसके लिए अतिरिक्त इंतजाम जुटाने की आवश्यकता होगी। रेल मुख्यालय को अवगत कराने हुए अतिरिक्त संसाधन जुटाने का प्रयास कुंभ क्षेत्र के स्टेशनों पर किया जाएगा।

# उत्तरायणी कौथिग में 'आपण माटी, आपण पछ्याण' थीम पर सजा सांस्कृतिक मंच



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा जनपद के द्वाराहाट ब्लॉक स्थित ग्रामसभा डोटलगांव की सामाजिक संस्था डोटलगांव सेवा समिति, दिल्ली की ओर से जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कन्वेंशन सेंटर में उत्तरायणी पर्व के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्तरायणी कौथिग की थीम 'आपण माटी, आपण पछ्याण' रही, जिसके माध्यम से दिल्ली में बसे प्रवासी ग्रामवासियों को अपनी मिट्टी, पहचान और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में साहित्य, प्रशासन और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में समिति ने प्रवासी परिवारों के बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर दिया। हिमालया आर्ट्स और सारंगा आर्ट्स समूहों के कलाकारों ने भी प्रस्तुतियां दीं। डोटलगांव से आए वरिष्ठ लोकगायक और हास्य कवि प्रताप सिंह शाही (टाइगर), गायिका रुचि आर्या, कुंदन लाल आर्य, युवा गायक दीपक कुमैया और कवि बहादुर बिष्ट ने गीत–संगीत और रचनाओं से सभागार में उत्साह भर दिया।

### नगर निगम ने जलभराव की समस्या का करवाया समाधान

देहरादून। मेयर सौरभ थपलियाल और नगर आयुक्त नमामी बंसल ने सोमवार को चौधरी कॉलोनी आईएसबीटी के सामने लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या को लेकर निरीक्षण किया। मेयर ने बताया कि लोगों ने उन्हें अवगत करवाया था कि इस क्षेत्र में बरसात के दौरान बारिश का पानी जमा हो रहा था। इस कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। उन्होंने बताया कि निगम ने नए सिरे से सड़क का निर्माण करवाया है। बारिश के पानी की निकासी को नाली भी बनवाई गई है। नगर आयुक्त नमामी बंसल ने कहा कि निगम के समस्त वार्डों में कार्ययोजना के मुताबिक विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने सड़क का निर्माण करवाने के लिए मेयर और नगर आयुक्त का आभार जताया।

# कोटगांव में नशामुक्त जनजागरण अभियान चलाया

उत्तरकाशी। आदर्श संस्कृत ग्राम कोटगांव में नशा मुक्ति को जनजागरण अभियान और रैली का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि गांव में किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ का उपयोग और बिक्री नहीं की जाएगी। नियम का उल्लंघन होने पर 25 हजार अर्थदंड लगाया जाएगा और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। कार्यक्रम में ग्रामवासियों को नशे से होने वाले सामाजिक, पारिवारिक एवं स्वास्थ्यगत दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। गांव को पूर्ण रूप से नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि आदर्श संस्कृत ग्राम होने के कारण कोटगांव में ऐसी गतिविधियों का कोई स्थान नहीं है। नशा समाज के लिए घातक है और युवाओं के लिए सबसे बड़ा अभिशाप बन चुका है। अभियान के अंतर्गत मोरीझजखोल मुख्य मार्ग पर जनजागरण रैली भी निकाली गई जिसमें ग्राम पंचायत की सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश आम जनमानस तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ग्राम प्रधान संगीता रावत एवं आदर्श संस्कृत ग्राम के प्रशिक्षक आचार्य माधव पौडेल के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्रमुख पर्यटन व्यवसायी चैन सिंह रावत, लायवर सिंह रावत, हृदय सिंह रावत, रोहिताश उनियाल, किशोर उनियाल आदि गांववासी उपस्थित रहे।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com